# शाजापुर









## एक नजर में

### तीन स्थानों पर आयोजित होंगे रक्तदान शिविर

**शाजापुर, 15 सितंबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत शाजापुर जिले में जिला मुख्यालय सहित शुजालपुर एवं कालापीपल में 17 सितंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना एवं ब्लड बैंक प्रभारी पैथोलोजिस्ट डॉ. एसडी जायसवाल ने बताया कि वृहद स्तर पर आयोजित हो रहे रक्तदान शिविरों के लिए चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं. जिला चिकित्सालय शाजापुर में आयोजित हो रहे रक्तदान शिविर के लिए रक्तकोष अधिकारी डॉ. एसडी जायसवाल, लेब टेक्नीशियन शाजापुर नारायणसिंह परमार, लेब टेक्नीशियन सुंदरसी अनिल गोयल, लेब टेक्नीशियन बेरछा अनिल प्रजापति, लेब टेक्नीशियन गुलाना राजेन्द्र परमार, परामर्शदाता उदयसिंह राजपूत, वार्डवाय कमल गवली एवं ऑनलाईन इंट्री के लिए चिकित्सा अधिकारी रक्तकोष डॉ. रानू गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर शिव कुशवाह, आउटसोर्सकर्मी वीरेन्द्र की ड्यूटी लगाई गई है. इसी तरह सिविल अस्पताल शुजालपुर में शिविर के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित सोनी, डॉ. दीपान्शु त्रिवेदी, डीआरपी चिकित्सक डॉ. श्रीमती जया माहेश्वरी, परामर्शदाता सुनील व्यास, दीपक वाघ, रोशन गुहाटिया अकोदिया, अर्जुन नरवरिया आउटसोर्सकर्मी तथा ऑनलाईन इंट्री के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर सतीश कुशवाह, आउटसोर्सकर्मी सतीश परमार की ड्यूटी लगाई गई है. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालापीपल के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशवंत परमार, लेब टेक्नीशियन देवनारायण बैरागी व हर्ष पाठक, राजेश बडोलिया, आउटसोर्सकर्मी समन्दरसिंह तथा वाहन चालक देवबक्ष एवं ऑनलाईन इन्ट्री के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर राजेश मालवीय, सीएचओ कालापीपल की ड्यूटी लगाई गई है.

### द्वंद को मनोरंजक द्वंद के रूप में दर्शाते हुए नाटक प्रस्तुत किया




**शुजालपुर, 15 सितंबर.** हिंदी लेखिका संघ शुजालपुर ने हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन मधु मंडलोई के निवास तथास्तु पर किया. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ग्रीष्मा शाह, शुजालपुर अध्यक्ष संध्या धारीवाल, जिला सचिव वीणा गोयल, आयोजक मधु मंडलोई ने दीप प्रज्जवलन कर सभी को शुभकामनाएं दी. आशु, मानवी, हर्षिता और परी ने हिंदी एवं अन्य भाषा के द्वंद को मनोरंजक द्वंद के रूप में दर्शाते हुए नाटक प्रस्तुत किया. सुधा अग्रवाल ने मेरी तो शान है हिंदी गीत सुनाया. लक्ष्मी खत्री ने सहज है सरल है ये, प्रभादेवी ने ऑनलाइन जुड़कर बिन बोले दिन गुजरता नहीं मेरी हिंदी मां कविता सुनाई. अनीता अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, तेजकिरण जैन, मेघा खत्री, संध्या गोयल, लता विजयवर्गीय, वंदना चौहान, अलका गोयल, वर्षा देशमुख, विनीता गुप्ता, कोमल देशमुख, माधुरी खंडेलवाल, अर्चना जोशी, संगीता विश्वकर्मा ने भी प्रस्तुति दी. नपा अध्यक्ष बबीता परमार ने ऑनलाइन जुड़कर सभी को बधाई दी. इस दौरान ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे संस्मरण लिखो प्रतियोगिता के विजेता प्रथम वंदना चौहान, द्वितीय कोमल देशमुख, तृतीय मोनिका अग्रवाल, नीलम खत्री को पुरस्कृत किया गया. संचालन वीणा गोयल ने किया. आभार मधु मंडलोई ने माना. वृषाली देशमुख, संगीता सिसोदिया, पिंकी पटेल भी उपस्थित रही. कार्यक्रम में हिंदी भाषा के सुप्रसिद्ध लेखक-लेखिकाओं की कृतियां एवं मनोरंजन पुस्तकों प्रदर्शनी भी लगाई गई. साथ में यह संकल्प भी लिया गया कि सभी अपने अपने घर में उपस्थित हिंदी पुस्तकों का आदान-प्रदान कर पुस्तक पठन-पाठन को भी बढ़ावा दें.

### तिवारी महर्षि गौतम शिक्षक सम्मान से सम्मानित



**शुजालपुर, 15 सितंबर.** अखिल भारतीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा प्रदेश इकाई मप्र द्वारा आयोजित प्रथम प्रदेश स्तरीय महर्षि गौतम शिक्षक सम्मान का आयोजन उज्जैन में आयोजित हुआ. इस दौरान प्रदेशभर से मेरिट सूची अनुसार 6 शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया. जिसमें गुर्जरगौड ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष ललित तिवारी को भी सम्मानित किया. तिवारी के सम्मान पर शुजालपुर नगर सभा अध्यक्ष डॉ. आशीष दुबे, प्रदीप व्यास, प्रकाश जोशी, ओमप्रकाश पंचोली, बालकृष्ण उपाध्याय, राजेंद्र उपाध्याय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

### चोरी गई 90 हजार की शराब बरामद की

**शुजालपुर, 15 सितंबर.** पुलिस अवंतिपुर बडोदिया ने लगभग एक माह पूर्व



अरनियाकलां से हुई शराब की चोरी के प्रकरण में आरोपियों का सुराग लगाते हुए शराब बरामद की. उक्त वारदात को तीन आरोपियों ने 9 लाख से अधिक किमत की कार से आकर अंजाम दिया था. पुलिस थाना अवंतिपुर बडोदिया में फरियादी दिलीप राजपूत निवासी अरनियाकलां ने 15 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी कि अरनियाकलां स्थित शराब की दुकान से करीबन 90000 की शराब चोरी की गई है. इस शिकायत के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम का गठन किया गया और सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर जतिन पिता ओमप्रकाश हाडा निवासी टोककला, मिथुन पिता रामु कंजर निवासी धतुरिया रोड भैरवा खेड़ी, नगजीराम पिता प्रताप सिंह सिसौदिया निवासी टोककला जिला देवास को पकड़ा. जिनके पास से शराब जप्त कर न्यायालय में पेश किया. जहां न्यायाधीश ने आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए. कार्यवाही में उपनिरीक्षक घनश्याम बैरागी, उपनिरीक्षक मुनेश्वरराम भगत, प्रधान आरक्षक राजेश, प्रधान आरक्षक रामचरण सूर्यवंशी, आरक्षक कमलेश आवले, आरक्षक पंकज जोमर, रवि वर्मा, दिनेश वर्मा, अखिल वर्मा, ललित वर्मा, बल्लू वर्मा, मेहरवान, महिला आरक्षक वर्षा वर्मा, सैनिक ओमप्रकाश, कमल पटेल, शुभम का सराहनीय योगदान रहा.


### सक्सेना राज्य कर्मचारी संघ संभागीय सचिव नियुक्त

**शुजालपुर, 15 सितंबर.** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त की संभागीय बैठक उज्जैन में आयोजित की गई, जिसमें राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह की उपस्थिति में प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह द्वारा संभाग कार्यकारिणी का गठन करते हुए गौरव सक्सेना शुजालपुर को संभागीय सचिव के पद पर नियुक्त करते हुए न्युक्ति पत्र प्रदान किया. इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया.

# रोग, मौसम की मार से खराब हुई फसल, अन्नदाता परेशान

## भाकिसं के तत्वावधान में किसानों ने रैली निकालकर की सोयाबीन फसल के सर्वे की मांग, आलू, प्याज की माला पहनकर किया प्रदर्शन

**शाजापुर, 15 सितंबर.** रोग व मौसम की मार से खराब हुई फसलों को लेकर अन्नदाता चिंतित हैं. जो सबके लिए अन्न की व्यवस्था करते हैं आज वही किसान फसल खराब होने से परेशान हैं. वहीं आलू, प्याज व लहसुन उपज के कम दाम होने से भी किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है. भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में किसान सोमवार दोपहर को इन्हीं सभी समस्याओं को लेकर एकत्रित हुए.



किसानों ने पहले सभा की व उसके बाद रैली निकालकर प्रशासन से सर्वे की मांग की. इस दौरान कुछ किसानों ने आलू, प्याज की माला पहनकर प्रदर्शन भी किया. किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है.

सोमवार को भारतीय किसान संघ जिला के तत्वावधान में टंकी चौराहा स्थित पुरानी सब्जी मंडी में बड़ी संख्या में किसान बाइक, ट्रैक्टर लेकर एकत्रित हुए. यहां पर सभा का आयोजन किया गया. सभी से पूर्व भगवान बलराम का पूजन अर्चन करके ध्वज लगाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया. यहां से रैली के रूप में कार्यकर्ता जय घोष करते हुए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे जहां अनुविभागीय अधिकारी मनीषा वास्कले को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन दिया गया. संचालन ज्ञानसिंह गुर्जर द्वारा किया गया. ज्ञापन का वचन जिला मंत्री मुकेश पाटीदार द्वारा किया गया.

### ज्ञापन में किसानों की ये है प्रमुख मांगे...

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में सोयाबीन फसल में पीला मोजेक, कम बारिश के कारण नष्ट हो चुकी है. इसका जल्द सर्वे किया जाए. 50 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर के मान से मुआवजा राशि दी जाए. वर्तमान में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी के पंजीयन की तारीख 20 सितंबर की जाए. समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए ताकि मंडियों के कौडियों दाम किसानों को सोयाबीन नहीं बेचना पड़ा. पिछले कुछ सालों की फसलों के नुकसान की जो बीमा राशि डाली गई इसमें भयंकर विसंगतिया हैं. किसानों को कहीं 40 रुपए तो कहीं 50 प्रति बीघा राशि दी गई. इस विसंगति को जांच करके किसानों के खाते में बीमा की 40000 रुपए प्रति हेक्टयर के मान से सही राशि डाली जाए.



### जंगली जानवरों से फसलों के बचाव के जतन करें

भारतीय किसान संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में यह मांग भी की गई है कि जिले में जंगली जानवरों की तादाद बढ़ती जा रही है. जिससे आए दिन किसान की फसल हिरण, रोजडे, जंगली शूकर द्वारा नष्ट की जाती है. जिसका उचित सर्वे करवाकर मुआवजा राशि दी जाए. जिले में बिजली के तार जर्जर हो रहे हैं, जिन्हें जल्द बदला जाए. ओवरलोड ट्रांसफार्मर सिंचाई के बदलकर अंडर लोड किया जाए. ताकि सिंचाई में किसानों को आने वाले समय में आए दिन परेशानी ना हो. वर्तमान में आलू, प्याज, लहसुन के भाव निम्न स्तर पर पहुंच चुके हैं. मंडी में प्याज 2 किलो बिक रहा है. किसान को उचित भाव नहीं मिल रहा है. इसी प्रकार लहसुन, आलू की भी हालत खराब है. यह पांच से सात रुपए किलो बिक रहे है. केंद्र सरकार निर्यात पर सब्सिडी दे सभी पसलों का निर्यात चालू करें. इस दौरान जिला अध्यक्ष सवाईसिंह सिसोदिया. जिला मंत्री प्रचार प्रमुख भारत नाहर, मुकेश पाटीदार, राजबहादुर गुर्जर, चंदरसिंह सिसोदिया, भारत नाहर, रामचंद्र कंदहंत, सत्यनारायण पाटीदार, ज्ञानसिंह गुर्जर, दिनेश मंडलोई, अनिल पाटीदार, गजराज सिंह राजपूत, राजेंद्र मेवाड़ा, शंकर सिंह कुंभकार, विष्णु पाटीदार, दिनेश पाटीदार, विक्रम सिंह गुर्जर, जितेंद्र पाटीदार, कमल कराड़ा, विजय प्रकाश, भगवान सिंह, राहुल पटेल सहित बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे. जानकारी तहसील मीडिया प्रभारी राजेश पाटीदार द्वारा दी गई.

# शाजापुर शहर में नहीं थम रहे सड़क हादसे

## धोबी चौराहा क्षेत्र में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मासूम बच्ची बाल-बाल बची



**शाजापुर, 15 सितंबर. शाजापुर में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे. आए दिन कोई न कोई घटना हो रही है, जिसमें लोग काल के गाल में समा रहे हैं. सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे भी धोबी चौराहा क्षेत्र में एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी. इस हादसे में बाइक सवार विजय मंडलोई ट्रक के पहिए के नीचे आ गए, जिससे उनका पैर फ्रैक्चर हो गया. घटना के दौरान विजय के साथ छोटी बच्ची भी थी, जो सुरक्षित बताई जा रही है. हालांकि घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है.**

गौरतलब है कि विजय मंडलोई अपनी नाती को एमजी कॉन्वेंट स्कूल से बेरछा रोड स्थित घर ले जा रहे थे. उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ने रेलवे स्टेशन की तरफ अचानक वाहन मोड़ लिया. इससे उनका संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना हो गई. राहत की बात यह रही कि बच्ची को कोई चोट नहीं आई. घायल विजय को शाजापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनका इलाज जारी है. घटना की सूचना पर यातायात पुलिस और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची. ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने ट्रक और बाइक को थाने में रखवा दिया है.

### भारी वाहनों की आवाजाही पर नहीं हैं अंकुश

शहर में यूं तो भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बाद भी भारी वाहनों की आवाजाही पर अंकुश नहीं है. इसी कारण शहर में आए दिन दुर्घटना होती रहती है. स्थानीय रहवासी अंकुर जैन ने बताया कि धोबी चौराहा और रेलवे स्टेशन मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव रहता है. उन्होंने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने और भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण की मांग की है.

## 98 ग्रापं में ग्रामसभा कर दिलाई शपथ




**मोहन बड़ोदिया, 15 सितंबर. जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया की 98 ग्राम पंचायतों में सोमवार को ग्रामसभा आयोजित कर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई. स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी आरती पड़ोले ने बताया कि सोमवार को ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया.**

जिसमें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई एवं स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई. इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी सहित ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि जगदीश पाटीदार, पंचायत सचिव अर्जुन सिंह चौहान, अशोक पाटीदार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही.

## प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता प्रारंभ



**बड़ौद, 15 सितंबर. सरस्वती विद्या मन्दिर उमावि सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत की योजनानुसार तीन दिवसीय प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत के शाजापुर, खण्डवा, खरगोन, इन्दौर, धार, मंदसौर, उज्जैन विभाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों से 400 से अधिक भैया-बहिन एवं संरक्षक आचार्य-दीदी ने सहभागिता की.**

प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथि सत्यनारायण लववंशी प्रांत संयोजक खेल समारोह, सुरेन्द्र जोशी विभाग समन्वयक, विभाग शाजापुर, विजयकुमार जैन संस्था अध्यक्ष, निशांत शर्मा पत्रकार, अभिभावक मनोजकुमार जैन, संजय भावसार, नारायणसिंह मल्डावदिया संस्था प्राचार्य द्वारा कबड्डी के मैदान का भूमिपूजन कर किया गया.

# सहज पब्लिक स्कूल को मिला बेस्ट स्कूल का अवॉर्ड

## सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर ने प्राचार्य जैन को भोपाल में किया सम्मानित

**शाजापुर, 15 सितंबर. सहज पब्लिक स्कूल सीबीएसई स्कूलों में बेस्ट स्कूल है. यह एक बार फिर साबित हो गया. जब भोपाल में सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन के रीजनल ऑफिसर ने सहज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन को बेस्ट स्कूल का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया.**

समारोह का आयोजन भोपाल में किया गया था, जिसमें सहज पब्लिक स्कूल के अलावा करीब 200 से अधिक विद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे. यहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर विकासकुमार अग्रवाल ने मंच से सहज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन को आमंत्रित किया तथा उन्हें बेस्ट स्कूल का अवॉर्ड दिया. अग्रवाल ने डॉ. जैन को शुभकामनाएं भी प्रेषित की. विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालिका आशा जैन, सह संचालिका पूर्वी जैन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल प्रबंधन को शुभकामनाएं दी है.



### इसलिए मिला सम्मान...

सहज पब्लिक स्कूल को यह अवॉर्ड स्कूल में बच्चों की नियमित पढ़ाई, अनुशासन और स्वच्छता को लेकर प्रदाय किया गया. दरअसल, हर वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्कूल प्रबंधन के मार्गदर्शन में हर बार उत्कृष्ट परिणाम दिए. इसके अलावा अन्य गतिविधियों में भी स्कूल के विद्यार्थियों की निरंतर सहभागिता रही. यही वजह थी कि कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विद्यालयों में सीबीएसई को बेस्ट स्कूल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.

### कौटिल्य सम्मान भी मिलेगा सहज को


सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर विकास कुमार अग्रवाल ने समारोह के दौरान मंच से सहज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य को कौटिल्य सम्मान अवॉर्ड देने की भी घोषणा की. उन्होंने बताया कि आगामी 20 सितंबर को यह अवॉर्ड भी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन को प्रदाय किया जाएगा.

## एक नजर में — श्री गोपाल गौशाला न्यास शाजापुर की वार्षिक साधारण सभा आयोजित


# गोपाल गौशाला निर्माण के लिए विधायक ने दिए 1 करोड़ रुपए

**शाजापुर, 15 सितंबर. श्री गोपाल गौशाला न्यास शाजापुर की वार्षिक साधारण सभा गत दिवस गौशाला भवन में आयोजित की गई, जिसमें सभी न्यासी पदाधिकारी एवं साधारण सदस्य उपस्थित हुए. बैठक में बताया गया कि ग्राम कांजा में गोपाल गौशाला निर्माण के लिए शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने 1 करोड़ रुपए दिए हैं. इस पर बैठक में उपस्थित सभी न्यासियों द्वारा शाजापुर विधायक अरुण भीमावद के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया.**

बैठक की अध्यक्षता न्यास के अध्यक्ष दिनेश कुमार नवाब ने की. बैठक में वर्ष 2024-25 के आय-व्यय पत्रक का वाचन न्यास के कोषाध्यक्ष हुकुमचंद सोनी ने किया. वर्ष में 672024 रुपए की आय हुई एवं व्यय 381343 रुपए का हुआ.



इस प्रकार वर्ष में 290681 रुपए की बचत का बजट करतल ध्वनि से पारित किया गया. आगामी वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट का वाचन सहसचिव राजेंद्र भट्ट ने किया, जिसके अनुसार 776000 का बजट पारित किया गया. बैठक में सचिव राजेंद्र नागर ने वर्ष का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा बताया कि विगत वर्ष क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद द्वारा गौशाला की ग्राम कांजा स्थित भूमि पर गौशाला निर्माण हेतु एक करोड़ रुपए की धनराशि देने की घोषणा की थी, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है तथा शीघ्र ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के माध्यम से गौशाला निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा. गौशाला निर्माण हो जाने पर अधिक संख्या में गौवंश को रखा जा सकेगा तथा नगर में घूम रहे निराश्रित गौवंश की समस्या का समाधान हो सकेगा. साथ ही गौमाता की समुचित सेवा की जा सकेगी. बैठक में न्यास उपाध्यक्ष राजनारायण चौहान, वरिष्ठ न्यासी डॉक्टर रामनारायण सोनी, शिवनारायण पाटीदार, शरद भंडावत, जगदीश शर्मा मावा वाले, हरिनारायण शर्मा, जगमोहन सोनी, प्रदीप सांखलिया, मनीष शर्मा, नाथूलाल गवली,



रामदयाल पाटीदार, आलोक गुप्ता, जगदीश माहेश्वरी, विनोद जैन, राजवीर सिंह चौहान, सुखदेव लाल भावसार, राजेंद्र धनोपिया, शंकर गिर आदि सदस्य एवं गौ भक्त उपस्थित रहे. संचालन सचिव राजेंद्र नागर ने किया. आभार हेमेंद्र व्यास ने माना. अंत में क्लब के दिवंगत सदस्यों, स्वर्गीय दानदाताओं एवं देश के लिए बलिदान हुए वीर शहीदों के प्रति शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई.

### गौसेवकों का किया सम्मान...

सचिव नागर ने बताया कि न्यास के संविधान में दर्शित उद्देश्य के अनुसार गौ सेवा करने वाले एवं गौशाला को सहयोग करने वाले दानदाताओं का सम्मान प्रतिवर्ष किया जाता है. उसी क्रम में इस वर्ष उत्कृष्ट गौ सेवा कार्य हेतु डॉक्टर पराग जैन एवं कैलाश चन्द्र मटोलिया का अभिनंदन न्यास के पदाधिकारी द्वारा किया गया. गौशाला में विशेष सहयोग देने हेतु जितेंद्र वर्मा, अजय सिंह, हेमेंद्र व्यास एवं राजेंद्र कुमार भट्ट को भी सम्मानित किया गया.